प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश : पहले दिन प्रयागराज में की जनसभा, वाराणसी में मातृ शक्ति सम्मेलन को किया संबोधित।
2. लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज : बलरामपुर में योगी आदित्यनाथ, आजमगढ़ में अखिलेश यादव और जौनपुर में मायावती ने किया प्रचार।
3. फर्रूखाबाद लोकसभा सोट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के एक मतदेय स्थल पर 13 मई को हुए मतदान को घोषित किया गया अमान्य : 25 मई को होगा पुर्नमतदान।

और

4. प्रदेश के कई जिलों में बदला मौसम, भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत : मौसम विभाग ने लखनऊ समेत आसपास के छह जनपदों में जताई बारिश की संभावना।

———————

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन प्रयागराज में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि 2024 का यह चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर बहेगी।

आज भारत की पहचान एक्सप्रेस–वे और इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में कुंभ में भगदड़ मच जाती थी क्योंकि यह डर रहता था कि कुंभ के लिए ज्यादा कुछ किया तो वोट बैंक खिसक जायेगा, लेकिन मोदो का मंत्र है, विकास भी विरासत भी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार पिछड़ों और दलितों का आरक्षण किसी को छीनने नहीं देगी। उन्होंने विपक्ष पर लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाया। बाइट.........

*इंडी गठबंधन वलों की नाव डूब रही है। इनका एक ही सहारा है झूठ। लगातार झूठ, हर जगह पर झूठ बार–बार झूठ यह संविधान को लेकर झूठ फैला रहे है। संविधान को इससे खतरा है। यह प्रयागराज से बेहतर कौन बतायेगा। आपातकाल लगाकर संविधान को बदलने की साजिश किसने की। यही इलाहाबाद हाईकोर्ट में कांग्रेस की तानाशाही पर लगाम लगाई थी।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि काशी मातृशक्ति का सबसे बड़ा केंद्र ह। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों में महिलाओं की भागीदारी रही है, जो भारत की सफलता का एक बड़ा कारण है। सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी है। सरकार ने महिलाओं को घर, गैस और इज्जतघर देने का काम किया है। विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए श्री मोदी ने कहा कि सपा–कांग्रेस की सरकार

में महिलाओं की उपेक्षा की गई हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 25 हजार के करीब महिलाएं शामिल हुई।

प्रधानमंत्री आज वाराणसी में ही रात्रि विश्राम करेंगे और कल बस्ती में चुनावी जनसभा में हिस्सा लेंगे। यह रैली बस्ती, संतकबीरनगर और डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

——————————

लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बस्ती और आजमगढ़ पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षो में हमें एक नये भारत का दर्शन हुआ है। जिस भारत में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर पूरी तरह से काबू पाया गया है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर परिवारवाद और भष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन मे आजमगढ़ और भदोही में

जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश की सभी सीटां पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा का वादा झूठा साबित हुआ है। भाजपा सरकार युवाओं और किसानों की मदद करने में पूरी तरह से फेल हुई है। उन्होंने वादा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज

आजमगढ़ में जनसभा के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल काटा, जिसके बाद पुलिस ने उपद्रवियों को वहां से खदेड़ा। सपा के राष्ट्रीय महा सचिव शिवपाल यादव ने आज अम्बेडकरनगर में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिय वोट मांगे। जनसभा के दौरान मंच टूटने से कई कार्यकर्ता नीचे गिर गये, लेकिन शिवपाल बाल–बाल बच गये।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज जौनपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करते हुए भाजपा को घेरा। बसपा सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा मुफ्त राशन के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जो मुफ्त राशन दिया है, वह राशन जनता के टैक्स से दिया जा रहा है। इसलिये जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि बसपा इकलौती ऐसी पार्टी है, जिसने पूंजीपतियों से एक भी पैसा कभी नहीं लिया है। बाइट..........

*कांग्रेस, बीजेपी अन्य सभी विरोधी पार्टियों ने इस देश के बड़े–बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों से अपने पार्टी संकल्प को चलाने व चुनावी वादे*

*कराने के लिये बांड के जरिये अरबों, खरबों रुपया इस देश के बड़े बड़े पूंजीपतियों व धन्नसेठों से लिया है। लेकिन आप लोगों को जानकर यह खुशी होगी कि बहुजन समाज पार्टी देश में मात्र एक ऐसी पार्टी है जिसने एक भी रुपया किसी भी बड़े पूंजीपति व धन्नासेठों से नहीं लिया।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

भारत निर्वाचन आयोग ने फर्रूखाबाद लोकसभा सोट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान मतदेय स्थल पर 13 मई को हुए मतदान को अमान्य घोषित कर दिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस मतदेय स्थल पर हुए मतदान में कुछ अनिमितताएं प्रकाश में आई थीं, जिसके कारण 25 मइ को पुर्नमतदान का निर्णय लिया गया है।

**उन्होंने बताया कि पुर्नमतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं।**

———————

**लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। इसमें देश की चर्चित सीटों में से एक इलाहाबाद लोकसभा सीट भी शामिल है। इलाहाबाद के चुनावी परिदृश्य पर हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......**

*इलाहाबाद सीट से जीतकर लाल बहादुर शास्त्री और वी पी सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। पिछले दो चुनावों से इस सीट पर भाजपा जीत रही है। इस सीट पर सबसे अधिक 07 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। इस बार भाजपा ने पूर्व राज्यपाल पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। वहीं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने उज्जवल रमण और बसपा ने रमेश पटेल को उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा 11 अन्य प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वर्तमान में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आईं रीता बहुगुणा जोशी यहां से सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में रीता बहुगुणा जोशी ने समाजवादी पार्टी के राजेंद्र सिंह पटेल को भारी मतों से हराया था। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रचार तेज कर दिया है। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें मेजा, करछना, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव शामिल हैं। इस संसदीय सीट पर 18 लाख से अधिक मतदाता 14 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का फैसला करेंगे। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी सामचार, प्रयागराज।*

———————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर कुल 57 दशमलव नौ आठ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सबसे अधिक 67 दशमलव एक प्रतिशत मतदान बाराबंकी लोकसभा सीट और सबसे कम 51 दशमलव छह चार प्रतिशत मतदान गोण्डा सीट पर हुआ है। वहीं लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में 52 दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदान हुआ है।

---

बीते सात दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से परेशान प्रदेश के कई जिलों के लोगों को मौसम में बदलाव के चलते कल शाम राहत मिली। सिद्धार्थनगर और महराजगंज के तराई क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में तापमान गिर गया। रायबरेली और बदायूं में भी मौसम में अचानक आये बदलाव से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली।

मौसम विभाग ने राजधानी लखनऊ समेत कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, बाराबंकी और हरदोई में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति स तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं मथुरा, अलीगढ़, हाथरस,जालौन, आगरा, झांसी, ललितपुर, फिरोजाबाद और

आसपास के इलाकों में हिटवेव की स्थिति अगले 5 दिनों तक बने रहने की आशंका जताई है।

——————————

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर ने कहा है कि को–वैक्सीन के प्रभावों पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय–बीएचयू के अध्ययन से संबंधित लेख गुमराह करने वाला है। इसमें परिषद का भी गलत तरीके से हवाला दिया गया है।

(समाप्त)